दिनांक 05.09.2017

स्वच्छ भारत अभियान — स्वच्छ एवं सुदर भिलाई

61 वरिष्ठ तीर्थयात्रियों का जत्था गंगासागर, कालीघाट, बिरला मंदिर के लिए रवाना।

भिलाईनगर/ मुख्यमंत्री तीर्थयात्रा योजना के तहत् भिलाई नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों से चयनित वरिष्ठ नागरिकों का जत्था गंगासागर, कालीघाट, बिरला मंदिर के लिए रवाना हुआ, जिसमें महिला पुरुष एवं सहयोगी सम्मिलित थे। भिलाई नगर निगम द्वारा सभी यात्रियों के लिए वाहन की व्यवस्था की गई थी सुबह 11 बजे निगम के मुख्य कार्यालय में एकत्रित सदस्यों को यात्रा के नियम एवं जानकारियों के बारे में बताया गया किससे जानकारी लेना है यात्रा के दौरान क्या–क्या सावधानियां बरतनी है कहीं पर कोई असुविधा हो तो सम्पर्क किया जा सके। निगम के महापौर देवेन्द्र यादव, सभापति पी0 श्यामसुन्दर राव, आयुक्त के0एल0 चौहान ने तीर्थयात्रियों को मंगलमय यात्रा के साथ सुखद यात्रा के लिए शुभकामना दी।

जन सम्पर्क विभाग